Setting up of wind power station in Karnataka

666. SHRI D. B. CHANDRE GOWDA: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether the Karnataka State Industrial Investment and Development Corporation proposes to set up a wind power station in the State;

(b) whether the Central Government have agreed to contribute Rs. 65 lakhs for the said project;

(c) whether the site has since been identified for its setting up; and

(d) to what extent the energy shortage in Karnataka will be met as a result thereof?

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI VASANT SATHE): (a) to (c) The Department of Non-Conventional Energy Sources (DNES) in association with Karnataka State Industrial Investment and Development Corporation has taken up a 550 KW wind farm project in Brahmagiri Hills at Talcauvery, Karnataka. Department of Non-Conventional Energy Sources has provided Rs. 60.50 lakhs for the project.

(d) The wind farm is expected to supply nearly a million units of electricity per annum to the State grid.

इलाहाबाद टेलीफोन डायरेक्टरी में सुधार

667. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जिला प्रबंधक, दूरभाष, इलाहाबाद को अक्तूबर 1987 में इस आशय का एक पत्र मिला था कि इलाहाबाद टेलीफोन निर्देशिका में वहां की चर्च लेन रोड़ का नाम बदलकर राधे श्याम पाठक मार्ग कर दिया जाये क्योंकि इस लेन का नाम बहुत समय पहले से बदल कर राधे श्याम पाठक मार्ग कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है और नई टेलीफोन निर्देशिका में संशोधित नाम अभी तक प्रकाशित न किये जाने के क्या कारण हैं ; और

(ग) टेलीफोन निर्देशिका में संशोधित नाम कब तक प्रकाशित कर दिया जायेगा?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) जी हां।

(ख) नगर महापालिका, इलाहाबाद ने सूचित किया है कि "चर्च लेन" का नाम बदलकर राधे श्याम पाठक मार्ग नहीं किया गया है।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

668. (*Transferred to the 5th August*, 1988].

ठेकों की शर्तों तथा उनकी कीमत

669. **श्री वीरेन्द्र वर्मा :**
श्री शमीम हाशमी :

क्या **ऊर्जा** मंत्री 2 मई, 1988 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 692 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान धनबाद में रेल की ढुलाई के लिए कितने रुपये मूल्य के ठेके दिये गये, उन्हें अब तक कितनी धनराशि का भुगतान कर दिया गया है और कितनी धनराशि का भुगतान किया जाना शेष है;

(ख) क्या यह सच है कि कोई कार्य कराए बिना ही भुगतान किया गया ;

(ग) यदि हां, तो इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के नाम तथा पते क्या है और उनके खिलाफ की गयी कार्यवाही का ब्यौरा क्या है; और